NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

अब नमक में भी मिलावट! गाजियाबाद में ब्रांडेड कंपनी के नाम पर हो रहा खेल, 1400 से अधिक नकली माल जब्त

गाजियाबाद: उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के मोदीनगर में होली से पहले मिलावटखोर फिर सक्रिय हो गए हैं। हापुड़ में पानी और तेल में मिलावट के मामलों के बाद अब मोदीनगर में नामी कंपनियों के नाम पर नकली नमक और अन्य उत्पादों की बड़ी खेप पकड़ी गई है। पुलिस की छापेमारी में 1400 से अधिक संदिग्ध उत्पाद बरामद किए गए हैं। मामले में दुकान संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

बता दें, मोदीनगर के देवेंद्रपुरी क्षेत्र में पुलिस ने जिंदल किराना स्टोर और गोदाम पर छापा मारा। सूचना स्पीड सर्च एंड सिक्योरिटी नेटवर्क के फील्ड मैनेजर की ओर से दी गई थी, जिसमें बताया गया कि ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली नमक और अन्य सामान बेचा जा रहा है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/ghaziabad/ghaziabad-modinagar-fake-salt-toilet-cleaner-raid-holi/articleshow/128874076.cms